राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

कुलाधिपति से कुलपतियों की मुलाकात

स्थानीय औद्योगिक जरूरतों के मुताबिक कौशल पाठ्यक्रम चलायें विश्वविद्यालय

—राज्यपाल

जयपुर, 26 सितम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को यहां राजभवन में चार विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के पंवार, संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अनुला मौर्य, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.एल. गोदारा और बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एच.डी. चारण ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि स्थानीय औद्योगिक जरूरतों के मुताबिक कौशल पाठ्यक्रम तैयार किये जावें। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालयों में अनुशासन बनाये।

पूर्व मंत्री मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को यहां राजभवन में पूर्व मंत्री श्री कालीचरण सर्राफ, श्रीमती किरण माहेश्वरी व श्रीमती अनिता भदेल ने मुलाकात की।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को यहां राजभवन में भारतीय विदेश सेवा के चार अधिकारियों के एक दल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दल में माल्टा में भारत के उच्च आयुक्त श्री जे.एस.दुआ, आवास एवं शहरी मामलात मंत्रालय में उपसचिव श्री सुनीत मेहता, विदेश मंत्रालय में निदेशक श्री विवेक जेफ और संघाई काटचारेशन ऑर्गेनाइजेशन में अवर सचिव श्रीमती दीप्ती झारवाल शामिल थी। एच.एम. सीया, जयपुर में संचालित इन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती रीतु नन्दा ने राज्यपाल से अधिकारियों का परिचय कराया।

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को यहां राजभवन में 2016–17 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के नवनियुक्त पांच अधिकारियों का एक दल भी मिला। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि मेहनत व ईमानदारी से कार्य करें।

गाडिया लौहार मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजस्थान गाडिया लौहार युवा विकास संस्थान के अध्यक्ष श्री हीरालाल गाडिया के नेतृत्व में गाडिया लौहार समाज के चार प्रतिनिधियों के एक दल ने मुलाकात की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान